बिहार सरकार

कृषि विभाग

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

किसान लाभार्थी के लिए आवश्यक सूचना

राज्य के कुल **5.83 लाख लाभार्थियों** का बैंक खाता **आधार एवं NPCI लिंक नहीं** है, जिसके फलस्वरूप वे इस योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा इस योजना की 15वीं किस्त का भुगतान **अक्टूबर, 2023 के द्वितीय पक्ष में किया जाना प्रस्तावित है।**

जिन किसानों का बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है, वैसे **किसानों की सूची राजस्व ग्रामवार सम्बन्धित पंचायत के कृषि समन्वयक पास उपलब्ध है। सभी सम्बन्धित लाभार्थियों से सार्वजनिक अपील है कि वे सम्बन्धित बैंक शाखा में जाकर अपने बैंक खाता को आधार एवं NPCI से अविलंब लिंक करायें या अपने नजदीकी इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की शाखा में नया खाता अविलंब खुलवाना सुनिश्चित करें।**

अधिक जानकारी हेतु अपने संबंधित कृषि समन्वयक/किसान सलाहकार, जिला कृषि कार्यालय एवं जिला के प्रधान डाक घर में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) के अधिकारी से संपर्क करें अथवा उक्त कार्य से संबंधित समस्याओं हेतु दूरभाष सं0—0612-2233555 एवं किसान कॉल सेन्टर सं0—1800-180-1551 पर संपर्क करें।

कृषि विभाग,
बिहार, पटना

PR. No. 008301 (Agriculture) 2023-24

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।